# कीचड़ में अंतिम सफर !



## नाँदनी में श्मशान मार्ग बदहाल विकास के दावों पर उठे सवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** हुजूर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नाँदनी में विकास के दावों की पोल उस समय खुल गई, जब ग्रामीणों को एक मृतक की अंतिम यात्रा घुटनों तक कीचड़ से होकर निकालनी पड़ी। सरकारी स्कूल से श्मशान घाट तक जाने वाला मार्ग बरसात में पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। इस संबंध में सरपंच श्रीमती कृपामणि राजेश वर्मा, पंचायत सचिव और क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का यह भी दावा है कि अंतिम यात्रा के दौरान सरपंच मौके पर पहुंचीं, बदहाल रास्ता देखने के बाद बीच में ही लौट गईं। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट तक पहुंचने का यह मार्ग केवल सड़क नहीं, बल्कि गांव के हर परिवार के सम्मान और संवेदना से जुड़ा विषय है। उन्होंने प्रशासन से सरकारी स्कूल से श्मशान घाट तक तत्काल सीसी सड़क बनाने और श्मशान घाट पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार इस पीड़ा का समाधान करेंगे या ग्रामीण आगे भी कीचड़ में अंतिम यात्रा निकालने को मजबूर रहेंगे।

# अपराधियों पर पुलिस का सबसे बड़ा शिकंजा

### एक ही रात में 130 वारंटी गिरफ्तार, बदमाशों में मची भगदड़, जोन-03 में मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन

भोपाल। राजधानी में अपराधियों के खिलाफ जोन-03 पुलिस ने शुक्रवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। एक ही रात में 130 वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अपराध जगत में हड़कंप मचा दिया। शहर के नौ थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से फरार वारंटी, निगरानी बदमाश और गुंडों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चले अभियान के दौरान 75 स्थायी वारंट और 55 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। पुलिस ने इसके अलावा 46 निगरानी बदमाशों, 76 गुंडों, 23 चाकूबाजों और 3 जिलाबदर अपराधियों की भी सघन जांच की।

अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम के 34 प्रकरण दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 47 कार्रवाई कर नियम तोड़ने वालों पर भी शिकंजा कसा गया।

गौतमनगर थाना सबसे आगे



रहा, जहां 34 वारंटी गिरफ्तार किए गए। शाहजहांनाबाद थाना ने 16 स्थायी वारंट तामील किए, जबकि हनुमानगंज थाना ने वारंटियों के साथ आबकारी और यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की। कोहेफिजा और टी.टी. नगर थाना क्षेत्रों में एमवी एक्ट के तहत 38 चालानी कार्रवाई की गई।

## गर्लफ्रेंड पर रौब झाड़ने के लिए चुराई कार

**भोपाल।** थाना बागसेवनिया पुलिस ने लग्जरी लाइफस्टाइल का दिखावा कर गर्लफ्रेंड को प्रभावित करने के लिए कार चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की कार सहित दो वाहन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, बीती रात तेज बारिश के दौरान क्षेत्र में गश्त कर रहे आरक्षक राघवेन्द्र यादव और राम प्रताप यादव को एक संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस को देखकर कार सवार भागने लगे, जिस पर जवानों ने पीछा कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान सुनील मीणा और शिवम मेहरा के रूप में बताई। उन्होंने सेंचुरी अपार्टमेंट निवासी अपने पूर्व मकान मालिक की कार चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि गर्लफ्रेंड पर प्रभाव जमाने और लग्जरी जीवनशैली दिखाने के उद्देश्य से वे पिछले तीन महीने से कार चोरी की योजना बना रहे थे।

थाना बागसेवनिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# अंतर्राज्यीय तेंदुआ शिकार गिरोह का एसटीएसएफ ने किया भंडाफोड़

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने अंतर्राज्यीय तेंदुआ शिकार एवं वन्यजीव अंग तस्करी से जुड़े संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है।

कार्रवाई के दौरान सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 10 तेंदुओं की खाल, हड्डियां और अन्य वन्यजीव अवशेष बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई को प्रदेश में वन्यजीव अपराधों के खिलाफ महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

मामले की शुरुआत 23 जुलाई को आगरा में उत्तर प्रदेश पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से हुई, जहां चार कथित वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तेंदुओं की खाल और अन्य अवशेष बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में गिरोह के तार मध्यप्रदेश से जुड़े मिलने पर एसटीएसएफ ने विशेष जांच दल गठित कर आगरा तथा प्रदेश के उत्तरी जिलों में जांच शुरू की। इसके बाद 30 जुलाई को एसटीएसएफ, कूनो वन्यजीव वनमंडल, श्योपुर वनमंडल और मुरैना वनमंडल की संयुक्त टीमों ने श्योपुर और मुरैना जिले में कई स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में वन्यजीव अवशेष जब्त किए।

पूछताछ में आरोपियों ने 10 तेंदुओं के शिकार की बात स्वीकार की। जांच में सामने आया कि छह तेंदुओं का शिकार कूनो वन्यजीव वनमंडल, दो श्योपुर वनमंडल और दो चंबल अभयारण्य क्षेत्र में किया गया था। आरोपियों के कब्जे से शिकार में इस्तेमाल होने वाले लेग-होल्ड ट्रैप भी बरामद किए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि गिरोह योजनाबद्ध तरीके से वन्यजीवों का शिकार कर उनके अंगों की तस्करी करता था।

गिरफ्तार आरोपियों में श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र और मुरैना जिले के निवासी शामिल हैं। सभी आरोपियों को एसटीएसएफ के लिए अधिकृत विशेष न्यायालय, शिवपुरी में पेश किया गया है, जहां से आगे की रिमांड और विस्तृत जांच की प्रक्रिया जारी है।

यह कार्रवाई इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि कूनो राष्ट्रीय उद्यान देश की महत्वाकांक्षी 'प्रोजेक्ट चीता' योजना का प्रमुख केंद्र है। पिछले कुछ वर्षों में कूनो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वन्यजीव संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। ऐसे में संगठित शिकार गिरोह पर की गई यह कार्रवाई वन्यजीव सुरक्षा को मजबूत करने और संरक्षित क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

## मानव संग्रहालय में पांच अगस्त को 'रिवायत' फैशन शो

**नप्र, भोपाल :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 5 अगस्त को शाम 5 बजे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन द्वारा विशेष फैशन शो 'रिवायत - ए वॉक थ्रू हैंडक्राफ्टेड एलीगेंस' आयोजित किया जाएगा। फैशन शो में देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक हस्तनिर्मित परिधान और शिल्पकला का प्रदर्शन होगा। रैंप पर पारंपरिक कला और समकालीन डिज़ाइन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। संग्रहालय ने कला, संस्कृति, डिज़ाइन, फैशन प्रेमियों, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होकर भारतीय हस्तशिल्प और वस्त्र परंपरा की गरिमा का साक्षी बनने का आग्रह किया है।

**स्व. पिंगली वेंकैया की जयंती पर नमनः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हमारे राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) के अभिकल्पक स्व. पिंगली वेंकैया की जयंती पर उन्हें नमन किया।

# अपेक्स बैंक की कार्यशाला में कृषि ऋण वसूली और किसान हित पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज, कोटरा सुल्तानाबाद में अपेक्स बैंक और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के केडर अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं अकृषि ऋणों की प्रभावी वसूली और किसानों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की रणनीति पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। ऐसे में सहकारी बैंकों की जिम्मेदारी है कि सरकार की सभी किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक



पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से किसानों के साथ बेहतर व्यवहार करने, समय पर ऋण और खाद उपलब्ध कराने तथा ऋण वसूली को योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि कृषि ऋणों की तुलना में अकृषि ऋणों की वसूली पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि सबसे अधिक एनपीए इसी श्रेणी में होता है। उन्होंने अधिकारियों से नीतिगत और प्रभावी कार्रवाई कर ऋण वसूली मजबूत करने का आग्रह किया।

## एनआईडी लगेगी 'बिछौना' प्रदर्शनी, हस्तशिल्प विरासत होगी प्रदर्शित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (एनआईडी), भोपाल में 6 से 9 अगस्त तक 'बिछौना' प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय और एनआईडी, मध्यप्रदेश के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक हस्तनिर्मित कालीन, दरी, गलीचे और चटाइयों का प्रदर्शन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य देश की समृद्ध बुनाई परंपरा, शिल्प कौशल तथा लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना है। प्रदर्शनी में आगंतुकों को पारंपरिक शिल्पों की निर्माण प्रक्रिया और कारीगरों की उत्कृष्ट कला को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, डिज़ाइन पेशेवरों और कला प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यशाला संपन्न वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय जिला समन्वयक उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन एकलव्य फाउंडेशन में हुआ।

कार्यशाला में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला समन्वयकों ने भाग लेकर आगामी गतिविधियों और परियोजना संचालन की रूपरेखा पर चर्चा की। कार्यक्रम का राज्य स्तरीय समन्वयन साइंस सेंटर, ग्वालियर द्वारा किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी ने की। उन्होंने



कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए उन्हें प्रश्न पूछने, स्थानीय समस्याओं को समझने और वैज्ञानिक तरीके से समाधान खोजने के अवसर मिलना आवश्यक है। मुख्य अतिथि मनोज निगम ने कहा कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर शोध और नवाचार से जोड़ने का प्रभावी मंच प्रदान करती है।

विषय विशेषज्ञ डॉ. शेखर सरभाई ने परियोजना निर्माण में वैज्ञानिक पद्धति, आंकड़ों के विश्लेषण और प्रमाण-आधारित निष्कर्षों के महत्व पर प्रकाश डाला। राज्य समन्वयक संध्या वर्मा ने बताया कि कार्यशाला में पंजीयन प्रक्रिया, परियोजना निर्माण, मूल्यांकन व्यवस्था और जिला स्तरीय गतिविधियों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और अधिक से अधिक बच्चों को वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

## मूंग खरीदी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल बाजपेई ने मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर नर्मदापुरम जिले में मूंग खरीदी प्रकरण से जुड़ी रिपोर्ट को निरस्त करने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जिला प्रबंधक के विरुद्ध तैयार की गई रिपोर्ट तथ्यों पर आधारित नहीं है। पत्र में कहा गया है कि मूंग खरीदी का कार्य सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है, जबकि गुणवत्ता जांच और सर्वेक्षण का दायित्व निजी एजेंसी के कर्मचारियों का होता है। संबंधित मूंग निजी गोदाम में रखी गई थी, जिसकी जिम्मेदारी गोदाम संचालकों की है। संघ का दावा है कि वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के शाखा या जिला प्रबंधक का इस प्रक्रिया से प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। अनिल बाजपेई ने मांग की है कि भोपाल स्तर के किसी वरिष्ठ अधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संबंधित रिपोर्ट तत्काल निरस्त की जाए।

# पं. शुक्ल का प्रदेश निर्माण में योगदान सदैव प्रेरणास्रोत

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती पर विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, विधानसभा के अधिकारी तथा पं. शुक्ल के परिजन भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित रविशंकर शुक्ल का जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और सुशासन के प्रति पूर्णतः समर्पित था। उन्होंने शिक्षा, सिंचाई, उद्योग और प्रशासनिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रदेश की विकास यात्रा की मजबूत नींव रखी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही और अविभाजित मध्य प्रांत एवं बरार के मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि एक नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य के गठन के बाद प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल ने प्रदेश के विकास की आधारभूत नीतियों को दिशा दी। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा का भाव आज भी प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में उनके योगदान को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।



विधायक भगवानदास सबनानी ने स्वच्छता किटी ग्रुप द्वारा न्यू मार्केट, मल्टी लेवल पार्किंग के पास आयोजित पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ, सुंदर शहर के संकल्प को सशक्त बनाने में सहभागिता की।

## मुख्यमंत्री दी मित्रता दिवस की शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को मित्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मित्रता विश्वास, आत्मीयता और निस्वार्थ भाव का अनमोल बंधन है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पावन मित्रता हमें सिखाती है कि सच्चे रिश्ते प्रेम, विश्वास, समर्पण और अपनत्व से ही बनते हैं।

# किशोर कुमार के गीतों से सजी सुरमयी शाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में मुस्कान संगीत समूह ने महान गायक किशोर कुमार की जयंती की पूर्व संध्या पर लायन सिटी गार्डन में संगीतमय संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। समूह के प्रमुख मोहन बेलानी सहित कलाकारों ने किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर लेखक अशोक मनवानी ने कहा कि खंडवा में जन्मे किशोर कुमार बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे उत्कृष्ट गायक होने के साथ अभिनेता, निर्देशक और संगीतकार भी थे। कार्यक्रम में सुरंगमा सक्सेना, सोनाली श्रीवास्तव, चाहत कौर, प्रकाश साधवानी, मनीषा बुधौलिया और मनीष सक्सेना ने भी एकल एवं युगल गीत प्रस्तुत किए।



**अभियान** *डॉ. के.एम. गांगुली योगपीठ संस्था द्वारा ....*

# योग और जनजागरण से सफल होगा नशा मुक्ति अभियान : सारंग

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** डॉ. के.एम. गांगुली योगपीठ संस्था द्वारा कमला पार्क स्थित आचार्य नरेंद्र देव पुस्तकालय में आठवें राज्य स्तरीय जीवन शैली सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश नक्सलवाद से मुक्त हुआ है, उसी तरह सामूहिक प्रयासों से नशे से भी मुक्ति



संभव है। उन्होंने युवाओं से योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है तथा युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने संस्था प्रमुख डॉ. पवन गुरु से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री सारंग और श्री सबनानी ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. प्रियनाथ अग्रवाल, पूर्व आईपीएस पवन जैन, जी.एस. वाधवा, डॉ. राजीव अग्निहोत्री और श्रीराम महेश्वरी को विभिन्न स्मृति सम्मानों से सम्मानित किया।

## आउटसोर्स कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले ठेका और आउटसोर्स कर्मचारियों ने रविवार को अंबेडकर पार्क में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेशभर से आए हजारों कर्मचारियों ने आउटसोर्स कर्मियों के लिए अलग निगम या मंडल के गठन, ठोस सेवा नीति, समान कार्य के लिए समान वेतन, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और कार्य अवधि तय करने की मांग उठाई। बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए जोखिम भत्ता और दुर्घटना बीमा लागू करने की भी मांग की गई।